# वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे के अवसर पर पेस्टल वीड कॉलेज ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा जैव विविधता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत तथा वन्यजीवों की सुरक्षा जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशात्मक पोस्टर तैयार किए। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और प्रकृति के प्रति उनकी संवेदनशीलता प्रतियोगिता में स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

निर्णायक मंडल में डॉ. अरविंद पैन्यूली (रसायन विज्ञान, डाकपत्थर) एवं प्राचार्या डॉ. अनीता वर्मा ने पोस्टरों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने के उपरांत निम्नलिखित विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया।

प्रथम स्थान

सौजन्या अमृता सारा अंबिका

द्वितीय स्थान

भूमिका कनिका तमन्ना अभिलाषा

तृतीय स्थान

सार्थिका इच्छा बबली मेनका

सांत्वना पुरस्कार

वैष्णवी सारा साक्षी अमन

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है तथा युवा पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल एवं ऊर्जा का संरक्षण करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने के साथ हुआ। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक एवं पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने वाली सिद्ध हुई।


PESTLE WEED






SAVE ENVIRONMENT
PLANT MORE TREES
SAVE WATER
REDUCE REUSE RECYCLE
SAVE OUR FUTURE!
STOP CHEMICAL USE
Sem-II nd
Himangani, Priya, Sweta


WORLD CONSERVATION
CONSERVE TODAY,
THRIVE TOMORROW


WORLD NATURE
CONSERVATION DAY